आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 19.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पारम्परिक चिकित्सा क्षेत्र में तकनीक को साथ लाने से वैश्विक स्वास्थ्य को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता हैं
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने धौलपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लखपति दीदी योजना की लाभार्थियों को ऋण सहायता और टेबलेट वितरित कियें
- विधायक निधि में कथित भ्रष्टाचार के मामले में विधानसभा की सदाचार कमेटी ने आज तीन विधायकों से पूछताछ कीं
- संसद का शीतकालीन सत्र, विकसित भारत जी–राम–जी विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के साथ अनिश्चित काल के लिये स्थगितं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पारम्परिक चिकित्सा क्षेत्र में तकनीक को साथ लाने से वैश्विक स्वास्थ्य को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता हैं श्री मोदी आज नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन के दूसरे पारंपरिक चिकित्सा स्वास्थ्य सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि भारत के लिए गौरव की बात है की ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन भारत के जामनगर में स्थापित हुआ हैं उन्होंने योग को पारंपरिक चिकित्सा का एक महत्वपूर्ण पहलू बताते हुए कहा कि बीते वर्षो में देश ने योग को विश्व के कोने–कोने तक पहुँचते देखा हैं

..................

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल' का शुभारंभ किया और 'आयुष मार्क' का अनावरण कियां उन्होंने योग प्रशिक्षण पर तकनीकी रिपोर्ट और आयुष के विकास पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के साथ ही अश्वगंधा पर स्मारक डाक टिकट भी जारी कियां श्री मोदी ने योग के संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया और पारंपरिक चिकित्सा प्रदर्शनी का अवलोकन कियां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि नारी प्रदेश की आधी आबादी हैं, जिनके सशक्तीकरण के बिना समग्र विकास का सपना पूरा नहीं हो सकतां श्री शर्मा राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज धौलपुर के पचगांव में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्त और अग्रणी बनाने की सोच के साथ डबल इंजन की सरकार प्रदेश में महिलाओं के विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रही हैं

.......................

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को राशि सीधे उनके खातों में हस्तान्तरित कीं साथ ही, उन्होंने लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को ऋण सहायता और टेबलेट का वितरण कियां श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी का भी शुभारंभ कियां इससे पहले उन्होंने सभा स्थल पर स्कूली छात्राओं को साईकिल और दिव्यांगजन को स्कूटी वितरित कीं साथ ही, उन्होंने धौलपुर के पंच गौरव, वन विभाग, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी

का अवलोकन कियां इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी ज़िला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित हुआं पाली में हुए सम्मेलन में आयी महिलाओं ने पिछले दो वर्षो में उन्हें मिले फायदों के बारे में बतायां देसूरी की रहने वाली लाभार्थी संतोष ने राजीविका और अन्य योजनाओं के लिए सरकार का आभार जतायां

....................

विधायक निधि कोष में कमीशन मांगने के मामले की जांच के तहत राजस्थान विधानसभा की सदाचार कमेटी ने आज तीनों आरोपी विधायकों से अलग–अलग पूछताछ कीं यह पूछताछ सुबह काल 11 बजे विधानसभा परिसर में हुई, जिसमें सबसे पहले निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत, उसके बाद कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और अंत में भाजपा विधायक रेवंतराम डांगा को बुलाया गयां समिति ने आरोपी विधायकों से अपने दावों के समर्थन में सबूत मांगे, तो तीनों आरोपी विधायकों ने इसके लिए समय देने की मांग की, जिसे समिति ने स्वीकार कर लियां इस कार्यवाही के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद वर्मा ने कहा कि समिति ने आरोपी विधायकों की बात सुनीं भाजपा विधायक रेवंतराम डांगा ने 15 दिन का, कांग्रेस विधायक अनीता जाटव ने 7 दिन का और निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत ने 10 दिन का समय मांगां सदाचार कमेटी ने तीनों की मांग स्वीकार कर ली हैं

.........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कियां इस अवसर पर उन्होंने भर्ती प्रक्रियाओं में ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दियां राष्ट्रपति ने आयोगों से उभरती चुनौतियों के प्रति तैयार रहने और संस्थागत विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान कियां तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने भर्ती में पारदर्शिता और समयबद्धता की आवश्यकता बताई वहीं, संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि भर्ती प्रणाली को कानूनी रूप से सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों का संकलन तैयार किया जा रहा हैं सम्मेलन में 24 राज्यों के अध्यक्ष भाग ले रहे हैं, जो चयन प्रक्रियाओं में सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित करने की बाधाओं को दूर करने के लिए साझा कार्ययोजना पर चर्चा करेंगें

000

संसद सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया हैं शीतकालीन सत्र पहली दिसम्बर से शुरू हुआ थां  सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और चुनाव सुधारों पर विशेष चर्चा हुई इसके अलावा, सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक भी पारित किए गएं इसमें विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक शामिल हैं आज राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार राष्ट्र प्रथम के विचार के साथ काम कर रही हैं उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकतां

.........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन में लगभग एक सौ ग्यारह प्रतिशत काम–काज हुआं

.........................

राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने समापन भाषण में बताया कि सदन करीब 92 घंटे चला और 121 प्रतिशत कामकाज हुआं

000

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अधिकारियों को दिल्ली–एनसीआर में एक सप्ताह के भीतर वायु गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं नई दिल्ली में आयोजित उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 से राज्य कार्य योजनाओं की मासिक निगरानी की जाएगीं श्री यादव ने धूल नियंत्रण, बायोमास जलाने पर रोक और अवैध औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई पर जोर दियां यातायात प्रबंधन के लिए उन्होंने 62 हॉटस्पॉट पर सुधार, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम और मेट्रो की लास्ट–माइल कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिएं हरियाणा सरकार को पराली प्रबंधन मजबूत करने तथा 31 दिसंबर तक सभी प्रदूषणकारी इकाइयों में ऑनलाइन एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया हैं

000

नागर विमानन मंत्रालय ने यात्रियों को कोहरे के कारण उड़ानों में होने वाली समस्याओं के लिए हवाई अड्डों और आधिकारिक प्लेटफॉर्मस से ताजा जानकारी लेते रहने की सलाह दी हैं मंत्रालय ने कहा कि वह मौसम विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है और वास्तविक समय के मौसम पूर्वानुमानों के आधार पर परिचालन संबंधी निर्णय लिए जा रहे हैं कुछ उड़ानें एयरलाइंस द्वारा रद्द की जा रही हैं और यात्रियों को हवाई अड्डों तक अनावश्यक यात्रा से बचने के लिए पहले ही सूचित किया जा रहा हैं मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइंस प्रभावित यात्रियों को धनवापसी और निःशुल्क पुनर्निर्धारण की सुविधा दे रही हैं

000

भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच पांचवें संयुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ शक्ति का समापन समारोह आज बीकानेर महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किया गयां इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त सामरिक अभ्यास के माध्यम से संयुक्त संचालन क्षमता, परिचालन तालमेल और आपसी विश्वास को मजबूत करना थां सैनिकों ने मार्शल आर्ट अभ्यास, हेलीकॉप्टरों से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने संयुक्त गश्ती, घात लगाकर हमला करने और गुप्त बमों से बचाव का अभ्यास कियां इसमें हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन, योग और खेल गतिविधियां, तथा आतंकवाद–विरोधी अवधारणाओं का प्रशिक्षण शामिल थां भारतीय सेना ने कहा कि इस अभ्यास ने आपसी संबंधों और विश्वास को मजबूत कियां वहीं क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और रक्षा सहयोग के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित कियां

000